PlanetRead
Literacy for a Billion

Movie: Laila Majanu
Year: 1979

Song: Kahana ek deewana teri
Lyricist: Sahir Ludhianvi

कहना इक दीवाना
तेरी याद में आहें भरता है
याद में आहें भरता है
लिखकर तेरा नाम ज़मीं पर
उसको सजदे करता है
उसको सजदे करता है
लिखकर तेरा नाम ज़मीं पर
उसको सजदे करता है

चाक़ गिरेबान खाक बसर
फिरता है सूनी राहों में
फिरता है सूनी राहों में
सायों को लिपटाता है
और लैला लैला करता है
लैला लैला करता है
लिखकर तेरा नाम ज़मीं पर
उसको सजदे करता है
उसको सजदे करता है

खुद को भूल गया है लेकिन
तेरी याद नहीं भूला
तेरी याद नहीं भूला
दिल के जितने जख़्म है
उनमें तेरा ही अक़्स उभरता है
तेरा ही अक़्स उभरता है
लिखकर तेरा नाम ज़मीं पर
लिखकर तेरा नाम ज़मीं पर
उसको सजदे करता है
उसको सजदे करता है

सायों को लिपटाता है
और लैला लैला करता है
लैला लैला करता है

कहना मेरे दीवाने से
कहना मेरे दीवाने से
लैला तेरी अमानत है
लैला तेरी अमानत है
तेरी बाहों में दम देगी
तू जिसका दम भरता है
तू जिसका दम भरता है
दिल के जितने जख़्म है
उनमें तेरा ही अक़्स उभरता है
तेरा ही अक़्स उभरता है

सदके जाऊँ इस क़ासिद पर
जिससे ये पैग़ाम मिला
जिससे ये पैग़ाम मिला
मेरा क़ातिल मेरा मसीहा
अब भी मुझपर मरता है
अब भी मुझपर मरता है
मेरा क़ातिल मेरा मसीहा
मेरा मसीहा मेरा क़ातिल
मेरा क़ातिल मेरा मसीहा
अब भी मुझपर मरता है
अब भी मुझपर मरता है
लैला...
हो लैला....
लैला... लैला...

Literacy for a Billion

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.